CCDA | California Commission on Disability Access

DGS CALIFORNIA DEPARTMENT OF GENERAL SERVICES

# निर्माण उद्योग के लिए एक्सेसिबल पार्किंग की मार्गदर्शिका

*** CBC 2022 वां संस्करण**



*** प्रकाशन: 05-15-2024, यह दस्तावेज कैलिफोर्निया बिल्डिंग कोड 2022 संस्करण पर आधारित है और कोड में संबंधित परिवर्तन/संशोधन किए बिना इसे अपडेट (अद्यतन) नहीं किया जाएगा।**

CSLB

कृपया नोट कर लें कि इस टूलकिट में 2022 कैलिफोर्निया बिल्डिंग कोड (CBC) के तहत एक्सेसिबल माने जाने वाले तत्वों और स्थान की विस्तृत सूची नहं है। लोगों द्वारा उपयोग की जाने वाल पार्किंग सुविधाएं, अमेरिकी विकलांगता अधिनियम (ADA) और CBC दोनों के लिए एक्सेसिबल अर्थात पहुंच में होनी चाहिए, लेकिन CBC के अंतर्गत आने वाले प्रावधान ADA की आवयकताओं से कहं अधिक कठोर हैं। इस प्रकार यहां निहित स्कोपिंग और तकनीकी प्रावधान केवल CBC से जुड़े अनुच्छेदों के ह संदर्भ में हैं।

पहुंच (एक्सेसिबिलिट ) संबंधी सभी शर्तों के बारे में कैलिफोर्निया बिल्डिंग कोड देखें।[1]

**प्रयुक्त संकेताक्षरों (संक्षिप्त रूपों) की सूची:**

- **ADA:** अमेरिकी विकलांगता अधिनियम
- **CASp:** प्रमाणित एक्सेस विशेषज्ञ (सर्टिफाइड एक्सेस स्पेशलिस्ट)
- **CalCAP:** कैलिफोर्निया कैपिटल एक्सेस प्रोग्राम
- **CBC:** कैलिफोर्निया बिल्डिंग कोड
- **CCDA:** कैलिफोर्निया कमीशन ऑन डिसेबिलिट एक्सेस (विकलांगता पहुंच या डिसेबिलिट एक्सेस के बारे में कैलिफोर्निया आयोग)
- **CFILC:** इंडिपेंडेंट लिविंग सेंटर्स के लिए कैलिफोर्निया फाउंडेशन
- **CSLB:** ठेकेदारों का सरकारी लाइसेंस बोर्ड (कांट्रेक्टर्स स्टेट लाइसेंस बोर्ड)
- **DSA:** डिविजन ऑफ द स्टेट ऑर्किटेक्ट
- **EVCS:** इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशंस (बिजली चालित वाहन चार्जिंग स्टेशन)
- **ISA:** इंटरनेशनल सिंबल ऑफ एक्सेसिबिलिट (पहुंच का अंतर्राष्ट्र य चिन्ह)

[1] इंटरनेशनल कोड काउंसिल (ICC)। 2022 कैलिफोर्निया बिल्डिंग कोड, टाइटल 24, भाग 2, अंक 1, अध्याय 11B। मार्च 3, 2024 को एक्सेस किया गया। http://codes.iccsafe.org/content/CABC2022P1/chapter-11b-accessibility-to-public-buildings-public-accommodations-commercial-buildings-and-public-housing.

# विषय सूची


| | |
|---|---|
| इस टूलकिट को कैसे प्रयोग करें | 1 |
| परिचय | 1 |
| कैलिफोर्निया बिल्डिंग कोड चैप्टर 11B | 2 |
| एक्सेसिबल पार्किंग टूलकिट | 3 - 5 |
| सर्टिफाइड एक्सेस स्पेशलिस्ट (CASp) क्या होता है? | 6 |
| रख-रखाव और फेरबदल | 6 |
| एक्सेसिबल पार्किंग स्थल | 7 |
| एक्सेसिबल मार्ग को समझना | 7 |
| कर्ब रैम्प्स | 8 - 10 |
| एक्सेसिबल पार्किंग स्पेस और इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन (EVCS) | 11 |
| आउटडोर डाइनिंग (बाहरी भोजनस्थल) के समीप वाले एक्सेसिबल पार्किंग स्पेसेज़ | 11 |
| मार्गदर्शिका का उद्देश्य | 12 |
| अनुपालन के लाभ | 12 |
| परिभाषाएं | 13 - 14 |
| संसाधन | 15 |
| क्रेडिट | 16 |

## इस टूलकिट को कैसे प्रयोग करें

क्या आप जानते हैं कि कम से कम एक-तिहाई औपचारिक शिकायतें एक्सेसिबल पार्किंग और एक्सेसिबल मार्गों के बारे में ही होती हैं?

नीचे दिए गए टूलकिट और शिक्षा संबंधी जानकार  का उद्देश्य इन शिकायतों को टालने में आपकी मदद करना है। इस टूलकिट का उद्देश्य इसे CBC की खास जरूरतों के स्थान पर चेकलिस्ट की तरह इस्तेमाल करना नहीं है। बल्कि इसका उद्देश्य जागरूक बनाना, आमतौर पर आवश्यकताओं का सार-संक्षेप तैयार करना और सुधार के लिए उपलब्ध संसाधनों की जानकारी उपलब्ध कराना है। इस जानकारी को प्रमाणित एक्सेस विशेषज्ञ (CASp) या लाइसेंसशुदा डिजाइन प्रोफेशनल के आकलन अथवा किसी सक्षम वित्तीय या कानूनी सलाह की जगह इस्तेमाल करने का उद्देश्य नहीं है।




## परिचय

कैलिफोर्निया कमीशन ऑन डिसेबिलिटी एक्सेस (CCDA) हितधारकों और व्यवसायों के साथ सहयोग के माध्यम से कैलिफोर्निया में विकलांगजन के लिए सुगम्यता को बढ़ावा देता है। CCDA ने कांट्रैक्टर्स स्टेट लाइसेंस बोर्ड (CSLB) और उद्योग विशेषज्ञों के साथ मिलकर निर्माण उद्योग के लिए यह मार्गदर्शिका विकसित की है, जिसका उद्देश्य सार्वजनिक उपयोग के लिए पार्किंग स्थलों के निर्माण में सुगम्यता अपेक्षाओं के अनुपालन को बढ़ावा देना है।

यह मार्गदर्शिका CBC में द  गई पहुंच (एक्सेसिबिलिट ) अपेक्षाओं पर आधारित है। CBC में वर्णित, एक्सेसिबिलिट  के दायरे और तकनीकी अपेक्षाओं को पार्किंग सुविधाओं के डिजाइन, निर्माण और नवीकरण के समय ध्यान में रखा जाना चाहिए। वे न केवल जनता के लिए खुले व्यवसायों तक एक्सेसिबिलिट  का अधिकार सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं; बल्कि यदि कोई ठेकेदार निर्माण में एक्सेसिबिलिट  से संबंधित विनियमन की अवहेलना करता है, तो उनका लाइसेंस CSLB के अनुशासन के अधीन लाया जा सकता है, और उन्हें सिविल देयताओं का सामना करना पड़ सकता है। यह सुनिश्चित करके इसे रोका जा सकता है कि परियोजना न्यूनतम अपेक्षाओं को पूरा करे। यह दस्तावेज़ केवल पार्किंग सुविधाओं से संबंधित अपेक्षाओं को पूरा करेगा।

कुछ स्थानीय अधिकार क्षेत्र पार्किंग सुविधाओं के निर्माण या परिवर्तन के लिए डिज़ाइन को ठेकेदार द्वारा पूरा किए जाने की अनुमति दे सकते हैं। जहां ऐसा मामला हो, वहां उन संकेतों पर विशेष ध्यान दें जो आपको अधिकार क्षेत्र वाले प्राधिकरण (AHJ) से परामर्श करने के लिए प्रेरित करते हैं।

## कैलिफोर्निया बिल्डिंग कोड चैप्टर 11B

यदि आप किसी पार्किंग सुविधा के डिजाइन से जुड़े हैं तो आपको CBC चैप्टर 11B के प्रावधानों की जानकारी अवश्य होनी चाहिए।

**डिवीजन 1** शेष चैप्टर के अनुप्रयोग और कार्यान्वयन की जानकार  देता है। यहां अनुच्छेद 11B-104 में परम्पराओं पर चर्चा महत्वपूर्ण है। यहां आपको आयामी सहनशीलता के बारे में जानकार  मिलेगी और फिक्स्चर या सुविधाओं की संख्या के लिए प्रतिशत की गणना करते समय हमेशा पूर्णांकन करना होगा।

**डिवीजन 2** एक्सेसिबल होने के लिए अपेक्षित तत्वों के कार्यक्षेत्र की अनिवार्यताओं की जानकारी प्रदान करता है। यहां आपको उन तत्वों की मात्रा और निर्दिष्ट प्रकार की सुविधाओं के बारे में जानकार  मिलेगी जो एक्सेसिबल होने के लिए अपेक्षित हैं। किसी भी डिजाइन निर्णय पर पहुंचने से पहले इस डिविजन से परामर्श करना हमेशा विवेकपूर्ण होगा।

**डिवीजन 3** विभिन्न तत्वों और सुविधाओं को एक्सेसिबल बनाने के लिए अपेक्षित तकनीकी बिल्डिंग ब्लॉक प्रस्तुत करता है। इसमें आपको एक्सेसिबल रूट फ्लोर और भू-सतह, लेवल परिवर्तन, स्वीकार्य खुले स्थान, रूकावट के रूप में उभर  हुई वस्तुएं और अन्य अपेक्षाओं के बारे में जानकार  मिलेगी जो किसी पार्किंग सुविधा के तत्वों से संबंधित हो सकती हैं।

**डिवीजन 4** में एक्सेसिबल मार्ग के लिए तकनीकी अपेक्षाओं की जानकारी द  गई है। इस खंड में एक्सेसिबल मार्ग की ढलान और चौड़ाई के साथ-साथ रैम्प, कर्ब रैम्प, एलीवेटर और प्लेटफार्म लिफ्ट की आवश्यकताएं भी शामिल हैं, जो सभी किसी पार्किंग सुविधा में मौजूद हो सकती हैं।

**डिवीजन 5** में सामान्य साइट और निर्माण तत्वों के लिए तकनीकी अनिवार्यताएं शामिल हैं। यहां पार्किंग स्पेस के आकार और चिह्नांकन आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इस प्रभाग में पार्किंग स्थलों, एक्सेस आइल (पहुंच गलियारों) और उन्हें जाने वाले वाहनों के मार्गों पर वर्टिकल निकासी की अपेक्षाएं भी शामिल हैं।

**डिवीजन 7** में संचार तत्वों और सुविधाओं के लिए तकनीकी अपेक्षाओं की जानकार  द  गई है। इस खंड में आपको साइनेज आवश्यकताओं, एक्सेसिबिलिट  के अंतर्राष्ट्रीय प्रतीक (ISA) और पहचान योग्य चेतावनियों के बारे में जानकारी मिलेगी।


**डिवीजन 8** में विशेष कमरों, स्थानों और तत्वों के लिए तकनीकी अपेक्षाएं शामिल हैं। इस भाग में आप इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन के आकार और चिह्नों की आवश्यकताओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।[2]

चैप्टर 11B में अन्य डिविजन भी हैं, लेकिन उनके पार्किंग सुविधाओं पर लागू होने की संभावना नह  है। फिर भी, यदि आप किसी सुविधा का डिज़ाइन बनाना चाहते हैं, तो आपको चैप्टर के सभी प्रभागों से अवगत होना चाहिए। इसी तरह, अन्य कोड और विनियम भी हैं जो आपकी परियोजना पर लागू हो सकते हैं। यदि आप अनिश्चित हैं, तो अपने AHJ से परामर्श करें।

---


[2] इंटरनेशनल कोड काउंसिल (ICC)। 2022 कैलिफोर्निया बिल्डिंग कोड, टाइटल 24, भाग 2, अंक 1, अध्याय 11B। मार्च 3, 2024 को एक्सेस किया गया। http://codes.iccsafe.org/content/CABC2022P1/chapter-11b-accessibility-to-public-buildings-public-accommodations-commercial-buildings-and-public-housing.

## समकोणीय एक्सेसिबल पार्किंग स्पेस:




**छवि श्रेय: DGS स्टॉफ** **विस्तार मापनीय नहीं है।**

## कोणीय एक्सेसिबल पार्किंग स्पेस:




**छवि श्रेय: DGS स्टॉफ** **विस्तार मापनीय नहीं है।**

**शुरू करने से पहले विचार य विषय**

ठेकेदार को निर्माण के सभी चरणों में ढलान की आवश्यकताओं का ध्यान रखना चाहिए, जिसमें निम्नांकित शामिल हैं:

- सबग्रेड ऑप्रेशन्स
- एग्रीगेट बेस/सब-बेस ऑप्रेशन्स
- फ़र्श संबंधी कार्य
- कंक्रीट
- हॉट-मिक्स एस्फाल्ट (HMA)

ऐसे क्षेत्रों का निर्माण करें, जहाँ फ़िनिश स्लोप्स अधिकतम अपेक्षाओं से कम हों।

विभिन्न क्षेत्रों से निकटवर्ती पार्किंग स्थलों और ड्राइव गलियारों तक क्रमिक परिवर्तन करते हुए निर्माण करें और अकस्मात रूपांतरणों से बचें।

**इंस्टालेशन क्रू टूल सूची**

सबग्रेड, एग्रीगेट बेस और फ़र्श जैसे निर्माण उपायों के प्रत्येक चरण के दौरान ढलानों की निम्नांकित से संदर्भ में ठीक से जांच करें:

- 2’ स्मार्ट लेवल, पुलिंग स्ट्रिंग लाइन
- सामग्री प्लेस करने से पहले निर्माण के प्रत्येक चरण के दौरान ढलानों को सत्यापित करना सुनिश्चित करें
- आस-पास के कर्ब की जाँच करें

**अनुपालन लक्ष्य प्राप्त करने के लिए गुणवत्ता आश्वासन दृष्टिकोण - सहनशीलता को समझें**

कंक्रीट

कंक्रीट बिछाने से पहले:

- सब-बेस ढलानों की जाँच करें
- लेआउट के दौरान स्ट्रिंग लाइन ढलान
- प्रारूप जाँच के दौरान अंतिम ढलानों की पुष्टि करें

कंक्रीट प्लेसमेंट के दौरान:

- प्रारंभिक कंक्रीट प्लेसमेंट के बाद ढलानों की जाँच करें
- कंक्रीट की फिनिशिंग के दौरान ढलानों की जाँच करें
- ब्रूमिंग से पहले ढलानों की जाँच करें

**HMA प्लेसमेंट**

HMA प्लेस करने से पहले:

- सब-बेस ढलानों की जाँच करें
- लेआउट के दौरान स्ट्रिंग लाइन ढलान

HMA प्लेसमेंट के दौरान

- प्रारंभिक HMA लेडाउन के बाद ढलान की जाँच करें
- HMA रोलिंग/कम्पैक्शन के दौरान ढलान की जाँच करें
- अंतिम HMA रोलिंग/कम्पैक्शन के बाद ढलान की जाँच करें

**सटकता और परिशुद्धता**

- व्ह ल स्टॉप्स की आवश्यकता तब होती है जब वाहन का अगला सिरा अपेक्षित पहुँच मार्ग में अतिक्रमण करता है।
- जब आवश्यक हो, तो स्वीकृत चित्रों के अनुसार व्ह ल स्टॉप का पता लगाएँ।
- आवश्यक चिह्न स्थापित करें। यदि पोस्ट माउंटेड है, तो CBC 11B-307.3 के अनुसार संस्थापित करें।
- पोस्ट-माउंटेड साइन की सुरक्षा के लिए बोलार्ड लगाए जा सकते हैं, लेकिन वे अपेक्षित पार्किंग स्थल, प्रवेश गलियारे या एक्सेसिबल मार्ग में नहीं लगाए जाने चाहिए।
- एक्सेसिबल पार्किंग स्थलों के लिए चिह्नांकन CBC 11B-502 के अनुसार होना चाहिए।
- एक्सेसिबल EVCS के लिए चिह्नांकन CBC 11B-812 के अनुसार होना चाहिए।

**विवरण पर ध्यान दें:**

- अपेक्षित एक्सेसिबल पार्किंग स्थलों की संख्या की गणना करने के लिए CBC 11B-208.2 का अनुपालन करें।
- CBC 11B-502.8 के अनुसार निर्दिष्ट एक्सेसिबल स्थलों में अनधिकृत पार्किंग की चेतावनी देने वाला संकेतक भी होना चाहिए।
- एक्सेसिबल पार्किंग स्थल एक्सेसिबल प्रवेश द्वार के निकटतम एक्सेसिबल मार्ग पर स्थित होने चाहिए।

**ड्राइंग में निम्नांकित अवश्य शामिल होना चाहिए:**

- अनुरूप या पूर्ण आयामी सीमाएँ
- ISA आयाम
- पोस्ट-माउंटेड संकेतों पर ऊँचाई की मंजूर
- संकेतों का अक्षर आकार और आयाम

**यह एक्सेसिबिलिट अनुपालन को स्वयं निर्धारित करने के लिए कोई चेकलिस्ट नहीं है। यदि आप डिजाइनर के रूप में भी काम कर रहे हैं, तो आप एक्सेसिबल डिजाइन के लिए पूर तरह से जिम्मेदार हैं।**

## प्रमाणित एक्सेस विशेषज्ञ क्या होता है?

कुछ भवन मालिक अपनी परियोजना ट म के सदस्य के रूप में CASp को नियुक्त करना पसंद करते हैं और कुछ स्थानीय AHJ ऐसे निर क्षकों को नियुक्त करते हैं जो CASp प्रमाणित होते हैं। यदि आपकी परियोजना में भी ऐसा है तो आपको क्षेत्र में इस व्यक्ति से बातचीत करने की आवश्यकता हो सकती है, और उनके योगदान को समझना उपयोगी हो सकता है।

CASp से अभिप्राय प्रमाणित एक्सेस विशेषज्ञ से है, अर्थात वह व्यक्ति जिसके पास प्रमाणित एक्सेस विशेषज्ञ का वैध प्रमाणपत्र होता है, जो स्टेट आर्किटेक्ट डिविजन (DSA) से जारी किया जाता है।
CASp निम्नलिखित सेवाएं प्रदान कर सकता है:
1. प्रयोज्य स्टेट और फेडरल एक्सेसिबिलिट कानूनों, मानकों, संहिताओं और विनियमों के अनुपालन के लिए सुविधा योजनाओं और विनिर्देशों की समीक्षा।
2. प्रयोज्य स्टेट और फेडरल एक्सेसिबिलिट कानूनों, मानकों, संहिताओं और विनियमों के अनुपालन के संदर्भ में किसी सुविधा स्थल की जांच करें।
3. जैसा अधिकृत हो, एक्सेसिबिलिट अनुसंधान का संचालन करना, एक्सेसिबिलिट रिपोर्ट तैयार करना, और/या एक्सेसिबिलिटी निरीक्षण करना।
4. सिविल कोड सेक्शन 55.53 की अपेक्षाओं के अनुसार CASp निर क्षण रिपोर्ट और विकलांगता पहुंच निर क्षण प्रमाणपत्र जारी करें।3

CASp संपत्ति निरीक्षण के बारे में अधिक जानकारी के लिए, DSA CASp वेबसाइट पर जाएँ: www.dgs.ca.gov/casp

## रख-रखाव और फेरबदल

किसी भवन या पार्किंग क्षेत्र में बदलाव परियोजना के कारण संभवतः उन क्षेत्रों में वर्तमान कोड अपेक्षाओं के अनुपालन के लिए एक्सेसिबिलिट विशेषताओं को अद्यतन करने की आवश्यकता पड़ेगी।

परन्तु, मौजूदा पार्किंग स्थलों में पुनः सतह निर्माण और/या र -स्ट्रिपिंग के रूप में बदलाव संबंधी परियोजना के वास्तविक कार्य क्षेत्र तक ही सीमित रहेगा और इसके लिए CBC 11B-202.4 का अनुपालन करना आवश्यक नहीं होगा।



अनिवार्यताओं के बारे में AHJ (जैसे, शहर, काउंटी, भवन विभाग) से संपर्क करें।

समायोजित निर्माण लागत का उपयोग CBC 11B-202.4, एक्सेप्शन 8 के अनुसार प्रत्येक परियोजना के लिए अपेक्षित एक्सेस अवरोध हटाने की मात्रा निर्धारित करने के लिए किया जाता है।

[3] "CASp संपत्ति निर क्षण।" http://www.dgs.ca.gov. नवंबर 18, 2022 को एक्सेस किया गया। https://www.dgs.ca.gov/DSA/Resources/Page-Content/Resources-List-Folder/Certified-Access-Specialist-Property-Inspection.

## एक्सेसिबल पार्किंग स्थल

CBC सेक्शन 11B-208.3 के अनुपालन में एक्सेसिबल पार्किंग स्थल एक्सेसिबल प्रवेश द्वार के लिए लघुतम एक्सेसिबल मार्ग पर होने चाहिए। जहां पार्किंग एक से अधिक एक्सेसिबल प्रवेश द्वारों पर स्थित है, वहां CBC सेक्शन 11B-502 का अनुपालन करने वाले पार्किंग स्टॉल फैले हुए होंगे और सुलभ प्रवेश द्वारों के लिए लघुतम एक्सेसिबल मार्ग पर स्थित होंगे।[4]




## एक्सेसिबल मार्ग को समझना

एक्सेसिबल मार्ग ऐसा लगातार, बाधारहित रास्ता है जो किसी एक्सेसिबल मार्ग स्थल, इमारत या सुविधा के एक्सेसिबल भागों और स्पेसेज़ को जोड़ता है जिन तक व्हीलचेयर इस्तेमाल करने वाला विकलांग व्यक्ति आ-जा सकता है और जिन्हें अन्य विकलांगताओं वाले लोग भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

भीतरी एक्सेसिबल मार्ग इमारत के भीतर के सभी एक्सेसिबल सुविधाओं और स्पेसेज़ को जोड़ने वाला होना चाहिए जिनमें कॉरिडोर, हॉलवे, फ्लोर्स, रैम्प्स, लिफ्ट और एलिवेटर शामिल हैं।




बाहरी एक्सेसिबल मार्ग एक्सेसिबल पार्किंग स्पेस और पब्लिक साइडवॉक से शुरू होते हैं और इनमें पार्किंग एक्सेस आइल, कर्ब रैम्प, व्हक्यूलर रास्तों पर बने क्रॉस बाक्स, वॉक, रैम्प्स और लिफ्ट शामिल हैं।[5]

[4] इंटरनेशनल कोड काउंसिल (ICC)। 2022 कैलिफोर्निया बिल्डिंग कोड, टाइटल 24, भाग 2, अंक 1, अध्याय 11B। मार्च 3, 2024 को एक्सेस किया गया। http://codes.iccsafe.org/content/CABC2022P1/chapter-11b-accessibility-to-public-buildings-public-accommodations-commercial-buildings-and-public-housing.

[5] इंटरनेशनल कोड काउंसिल (ICC)। 2022 कैलिफोर्निया बिल्डिंग कोड, टाइटल 24, भाग 2, अंक 1, अध्याय 11B। मार्च 3, 2024 को एक्सेस किया गया। http://codes.iccsafe.org/content/CABC2022P1/chapter-11b-accessibility-to-public-buildings-public-accommodations-commercial-buildings-and-public-housing.

## कर्ब रैम्प्स

पार्किंग लॉट लेवल और एक्सेसिबल प्रवेश को जाने वाले वॉक के बीच एक्सेसिबल लिंक के तौर पर कर्ब रैम्प है। मानकों के अनुरूप नह ं होने पर कर्ब रैम्प खतरनाक हो सकते हैं और संपत्ति के मालिक के लिए बड़ा बोझ बन सकते हैं। इसलिए जरूरी है यह सही तरीके से बना हो।

कर्ब रैम्प कम से कम 4 फुट चौड़ा होता है और इसका ढलान हल्का रखा जाता है ताकि व्हीलचेयर से चलने वाले लोग एक्सेसिबल पार्किंग स्पेस से इमारत के प्रवेश द्वार तक सुगमता से आ-जा सकें। कर्ब रैम्प न होने पर व्ह लचेयर इस्तेमाल करने वाले लोग वॉक तक नह ं पहुंच सकेंगे।

CBC में कर्ब रैम्प की कई विस्तृत जरूर बातें हैं जिनमें से सबसे जरूर है:

1. **कर्ब का ढलान:** कर्ब रैम्प का अधिकतम स्वीकृत ढलान 1:12 या 8.33% है। 1:12 या 8.33% से अधिक वाले ढलान पर व्हीलचेयर से आने-जाने में बेहद मुश्किल होती है। अंतिम ढलान को आमतौर पर भवन निरीक्षक और संभवतः स्वामी के आर्किटेक्ट या CASp द्वारा 2-फुट लंबे डिजिटल लेवल का उपयोग करके सत्यापित किया जाता है।

कर्ब रैंप में फ्लेयर्ड साइड्स और लैंडिंग के ढलान के लिए अतिरिक्त विशेष अपेक्षाएं होती हैं, और साथ ही सुस्पष्ट चेतावनियाँ प्रदान करने की आवश्यकता होती है, जो कर्ब रैंप के किनारे पर पीले रंग की ऊबड़-खाबड़ सतह होती हैं। सुस्पष्ट चेतावनियाँ दृष्टिह न या दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए प्रदान की जाती हैं ताकि उन्हें आगाह किया जा सके कि वे किसी वाहन क्षेत्र या सड़क में प्रवेश कर रहे हैं।

विभिन्न प्रकार के कर्ब रैम्पों की विस्तृत जानकार के लिए, कृपया CBC 11B-406 देखें।

साफ दिखने वाल चेतावनियों की विस्तृत जानकार के लिए CBC 11B-705 देखें।


**कर्ब रैंप डिजाइन:**

- यदि आप कर्ब रैम्प के डिजाइन में शामिल हैं, तो यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि कई स्थानीय अधिकार क्षेत्रों के उनके राइट ऑफ वे के भीतर कर्ब रैम्प के प्रकार और डिजाइन के संबंध में उनकी स्वयं की अपेक्षाएं होती हैं। सुनिश्चित करें कि आप अपनी परियोजना पर लागू होने वाल सभी तकनीकी अपेक्षाओं के लिए CBC के साथ-साथ AHJ से भी परामर्श लें।




## कर्ब रैंप के उदाहरण

### समकोणीय कर्ब रैंप





### तिरछा या कोने के प्रकार कर्ब रैंप





**छवि श्रेय: DGS स्टॉफ** **विस्तार मापनीय नहीं है।**

## कर्ब रैंप के उदाहरण


### समानांतर कर्ब रैंप




### सेक्शन A




### सेक्शन B




**छवि श्रेय: DGS स्टॉफ**

**विस्तार मापनीय नहीं है।**

## एक्सेसिबल पार्किंग स्पेस और बिजली चालित वाहन चार्जिंग स्टेशन

यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन (EVCS) पार्किंग स्थल नहीं हैं। EVCS और पार्किंग अलग-अलग सेवाएँ हैं जो किसी व्यवसाय या स्थल के स्वामी द्वारा प्रदान की जाती हैं। जरूरी नहीं कि बिजल चालित वाहनों के चालक पार्क करते समय हर बार वाहन चार्ज करेंगे। इसलिए कैलिफोर्निया कानून के तहत EVCS विशेष रूप से चार्जिंग के लिए रिजर्व रहते हैं।

जब आम लोगों के लिए उपलब्ध सुविधा में EVCS उपलब्ध कराए जाएंगे तो CBC के अनुच्छेद 11B-228.3 और 11B-812 में बताई व्यवस्था के अनुरूप विकलांग लोगों के लिए एक्सेसिबल (सुगम) EVCS भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

**EVCS इंस्टॉलेशन**

EVCS (व्ह कल स्पेस एंड चार्जिंग यूनिट) को कैलिफोर्निया स्टेट में लाइसेंस प्राप्त ठेकेदारों द्वारा स्थापित किया जाना अनिवार्य है। CSLB ठेकेदारों को नियंत्रित करता है और विभिन्न निर्माण व्यवसायों में ठेकेदार के रूप में व्यवसाय करने के लिए लाइसेंस जारी करता है। इसलिए, यदि यह कार्य किसी उप-ठेकेदार द्वारा पूरा किया जाना है, तो सुनिश्चित करें कि वे स्टेट की अपेक्षाओं के अनुरूप हैं।

## आउटडोर डाइनिंग (बाहरी भोजनस्थल) के समीप वाले एक्सेसिबल पार्किंग स्पेसेज़



आउटडोर डाइनिंग एरिया अक्सर उन जगहों पर बनाएं जहां मूल रूप से पार्किंग स्पेस बने थे। जब मूल पार्किंग स्पेस की जगह में ही आउटडोर डाइनिंग एरिया बनाए जाते हैं तो जरूरी है कि एक्सेसिबल पार्किंग स्पेस सेवा से हटाए न जाएं।

कृपया अधिक मार्गदर्शन के लिए स्थानीय AHJ से संपर्क करें। अधिक जानकार के लिए कृपया CCDA की ओपन-एयर डाइनिंग और कर्बसाइड पिकअप डिसेबिलिटी एक्सेस शर्तों को देखें।[6]





[6] "ओपन-एयर डाइनिंग और कर्बसाइड पिकअप डिसेबिलिटी एक्सेस शर्तें।" https://www.dgs.ca.gov/CCDA. नवंबर 15, 2022 को एक्सेस किया गया। https://www.dgs.ca.gov/en/CCDA/Business-Connect.

## मार्गदर्शिका का उद्देश्य

हमारी परियोजनाएं एक्सेसिबल क्यों होनी चाहिए?

**यह कानून है!** स्टेट और फेडरल कानून, दोनों ह विकलांगता के आधार पर किसी भी ऐसे व्यक्ति के साथ भेदभाव का निषेध करते हैं जो किसी सार्वजनिक सुविधा द्वारा प्रदान की जाने वाल वस्तुओं और सेवाओं का उपयोग करना चाहता है। सार्वजनिक सुविधा स्थलों के निर्माण और सुधार में दिव्यांगों की सुगम्यता जरूरतों को पूरा करने में ठेकेदार की भूमिका महत्वपूर्ण है।



**यह सही काम है!** विकलांगजनों के नागरिक अधिकारों की रक्षा करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्टेट और फेडरल एक्सेसिबिलिट अपेक्षाओं का अनुपालन ऐसा विषय है जिस पर विकलांग उपभोक्ताओं को अपने दैनिक जीवन में भरोसा होना चाहिए।

**मुकदमे से बचें!** निर्माण-संबंधी एक्सेसिबिलिट मानकों के उल्लंघन के लिए किसी ऐसे व्यवसाय या फैसिलिट मालिक के खिलाफ सिविल मुकदमा दायर किया जा सकता है, जो अपनी वस्तुओं और सेवाओं तक एक्सेसिबिलिट से इनकार करता है। व्यवसाय स्वामी निर्माण-संबंधी एक्सेसिबिलिट मानकों के अनुपालन में कमी के लिए ठेकेदार के खिलाफ मुकद्दमा दायर कर सकता है। CBC की अपेक्षाओं का अनुपालन सुनिश्चित करके, ठेकेदार अपनी देयता कम कर सकते हैं।

## अनुपालन के लाभ

**समावेशन को बढ़ावा दें:** एक्सेसिबिलिट अपेक्षाओं का एक लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि विकलांगजन जीवन के सभी पहलुओं में भाग ले सकें। जब किसी व्यक्ति को व्यवसाय तक पहुंच से वंचित किया जाता है, तो यह मात्र कानून के उल्लंघन से बहुत कुछ अधिक है; इससे कठिनाई, असुविधा या शर्मिंदगी हो सकती है।

**जागरूकता को बढ़ावा दें:** U.S. सेंसस ब्यूरो के अनुसार लगभग 60 मिलियन अमेरिकी लोग विकलांगता से ग्रस्त हैं। कानून के अनुसार विकलांग व्यक्तियों की सार्वजनिक सुविधाओं तक उसी तरह पहुँच होनी चाहिए जैसी अन्य लोगों को सहज रूप में उपलब्ध हैं। एक्सेसिबिलिटी अपेक्षाओं के बारे में ठेकेदार की जागरूकता और उचित तरके से डिज़ाइन बनाने की क्षमता सभी के लिए सार्वजनिक सुविधाओं तक पहुँच सुनिश्चित करने में मदद करेगी।

**न्यूनतम से आगे बढ़ें:** एक्सेसिबिलिट मानक न्यूनतम दिशानिर्देशों पर आधारित होते हैं, परन्तु सुधार के लिए डिजाइन प्रदान करने वाले ठेकेदार, उन आवश्यकताओं से आगे बढ़ने के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने का विकल्प चुन सकते हैं। ऐसा करने से अपेक्षाओं का अनुपालन करने में विफल होने पर नागरिक दायित्व का जोखिम कम हो जाएगा। एक्सेसिबिलिट मानकों को पूरा करना या उससे अधिक कुछ करना व्यवसाय करने की लागत में शामिल किया जाना चाहिए, न कि इसे अतिरिक्त व्यय के रूप में देखा जाना चाहिए।

## परिभाषाएं

**एक्सेस आइल (पहुंच गलियारा):** वाहन स्थानों के समीप या उनके बीच एक एक्सेसिबल स्थान जो CBC के अनुपालन को सुनिश्चित करता है।

**एक्सेसिबल पार्किंग पहचान:** CBC 11B-502.6 के अनुपालन में एक्सेसिबल पार्किंग स्थान आरक्षित करने के लिए फुटपाथ चिह्न और संकेत प्रदान किए गए।

**एक्सेसिबल पार्किंग स्थल:** एक आरक्षित पार्किंग स्थल जो कैलिफोर्निया बिल्डिंग कोड की अपेक्षाएं पूर  करता है। आयामों, चिह्नों और पहचान चिह्न संबंधी अपेक्षाओं के लिए, CBC सेक्शन 11B-502 देखें।

**एक्सेसिबल मार्ग:** ऐसा लगातार, बाधारहित रास्ता है जो किसी एक्सेसिबल मार्ग स्थल, इमारत या सुविधा के एक्सेसिबल भागों और स्पेसेज़ को जोड़ता है जिन तक व्हीलचेयर इस्तेमाल करने वाला विकलांग व्यक्ति आ-जा सकता है और जिन्हें अन्य विकलांगताओं वाले लोग भी इस्तेमाल कर सकते हैं। भीतरी एक्सेसिबल मार्ग जिनमें कॉरिडोर, हॉलवे, फ्लोर्स, रैम्प्स, लिफ्ट और एलिवेटर शामिल हो सकते हैं। बाहरी एक्सेसिबल मार्गों में पार्किंग सुगम्य गलियारे, कर्ब रैम्प, व्ह क्यूलर रास्तों पर बने क्रॉस वॉक्स, पैदल रास्ते, रैंप और लिफ्ट शामिल हो सकते हैं।

**समायोजित निर्माण लागत:** परियोजना के निर्माण से सीधे संबंधित समस्त लागत, जिनमें श्रम, सामग्री, उपकरण, सेवाएं, उपयोगिताएं, ठेकेदार वित्तपोषण, ठेकेदार की अतिरिक्त लागत और लाभ, तथा निर्माण प्रबंधन लागत शामिल हैं। घटकों, संयोजनों, निर्माण उपकरणों या निर्माण के मूल्य से लागत कम नह ं होगी, जो एक्सेसिबिलिटी या उपयोगिता से सीधे संबंधित नहीं हैं। समायोजित निर्माण लागत में शामिल नहीं होंगे: परियोजना प्रबंधन शुल्क और व्यय, आर्किटेक्चर और इंजीनियरिंग शुल्क, पर क्षण और निर क्षण शुल्क, तथा उपयोगिता कनेक्शन या सेवा जिला शुल्क।

**सुस्पष्ट चेतावनी:** एक मानकीकृत सर्फेस फीचर, जो वॉकिंग सतहों या अन्य तत्वों पर निर्मित या लागू किया जाता है, ताकि दृष्टिबाधित व्यक्तियों को सर्कुलेशन पाथ पर खतरों के बारे में चेतावनी द  जा सके।

## परिभाषाएं



**एक्सेसिबिलिटी का अंतर्राष्ट्रीय प्रतीक (ISA):** नील पृष्ठभूमि में सफेद रंग में व्ह लचेयर बनी होती है जिससे संकेत मिलता है कि ये इमारतें और सुविधाएं इस प्रकार डिजाइन की गई हैं कि विकलांग व्यक्ति आसानी से इन्हें प्रयोग कर सकें।

**पार्किंग सुविधा:** पार्किंग सुविधा एक निर्दिष्ट पार्किंग स्थल या संरचना है जो किसी भवन से संबद्ध होती है। पार्किंग स्थल और पार्किंग संरचनाओं को अलग-अलग पार्किंग सुविधाएं माना जाता है।

**यात्रा का मार्ग:** किसी मौजूदा साइट, भवन या सुविधा के भीतर एक पहचान योग्य एक्सेसिबल मार्ग जिसके माध्यम से किसी विशेष क्षेत्र तक पहुंचा जा सकता है, उसमें प्रवेश किया जा सकता है और उससे बाहर निकला जा सकता है, और जो किसी विशेष क्षेत्र को, बाहर पहुंच मार्ग (साइडवॉक, सड़कें और पार्किंग क्षेत्र सहित), सुविधा के प्रवेश द्वार, और सुविधा के अन्य भागों से जोड़ता है। जब मौजूदा इमारतों या सुविधाओं में बदलाव, संरचनात्मक मरम्मत या अतिरिक्त निर्माण कार्य किया जाता है, तो "यात्रा का मार्ग" शब्द में शौचालय और स्नान सुविधाएं, टेल फोन, पेयजल के फव्वारे और कार्य क्षेत्र से संबंधित संकेत भी शामिल होते हैं।

**साइट आगमन बिन्दु:** वे स्थान जहां से व्यक्ति साइट पर पहुंचते हैं, जिनमें पार्किंग क्षेत्र, सार्वजनिक परिवहन स्टॉप, यात्री लोडिंग क्षेत्र और सार्वजनिक सड़कें या साइडवॉक शामिल हैं।

**अनधिकृत पार्किंग संकेत:** एक चिन्ह जो ऑफ-स्ट्र ट पार्किंग सुविधा के प्रत्येक प्रवेश द्वार पर या साइट पर उपलब्ध पार्किंग के ठीक बगल में किसी सुस्पष्ट स्थान पर लगा होता है तथा प्रत्येक पार्किंग स्थान से दिखाई देता है। इस चिन्ह के लिए विशिष्ट भाषा कैलिफोर्निया बिल्डिंग कोड 11B-502.8 में द गई है, तथा इसमें वह पता दर्शाया जाएगा जहां से खींच कर लाई गई कार को वापस लाया जा सकता है, तथा उस सुविधा तक पहुंचने के लिए टेल फोन नंबर दर्शाया जाएगा जहां 'टो' की गई कार है।

**वाहन मार्ग:** वाहनों के आवागमन के लिए बनाया गया मार्ग, जैसे कि सड़क, ड्राइववे या पार्किंग स्थल। अतिरिक्त परिभाषाओं के लिए, कृपया कैलिफोर्निया बिल्डिंग कोड देखें।[7]

[7] इंटरनेशनल कोड काउंसिल (ICC)। 2022 कैलिफोर्निया बिल्डिंग कोड, टाइटल 24, भाग 2, अंक 1, अध्याय 11B। मार्च 3, 2024 को एक्सेस किया गया। http://codes.iccsafe.org/content/CABC2022P1/chapter-11b-accessibility-to-public-buildings-public-accommodations-commercial-buildings-and-public-housing.

## संसाधन

- इस प्रकाशन (पुस्तिका) में शामिल जानकार  कैलिफोर्निया मानकों पर आधारित है। संघीय मानक कम सख्त हो सकते हैं और ये मानक ADA नेशनल नेटवर्क (https://adata.org/) पर उपलब्ध हैं
- कैलिफोर्निया के बिल्डिंग कोड और मानकों की जानकार  के लिए कृपया कैलिफोर्निया बिल्डिंग स्टैंडर्डस कमीशन (BSC) से (https://www.dgs.ca.gov/BSC) पर संपर्क करें।
- एक्सेस प्रोग्रामों के बारे में जानकारी के लिए कैलिफोर्निया कैपिटल एक्सेस प्रोग्राम (CalCAP) (https://www.treasurer.ca.gov/cpcfa/calcap/ada/faq-ada.asp) देखें।
- कैलिफोर्निया के एक्सेसिबिलिट  कानूनों और मार्गदर्शन के लिए, कैलिफोर्निया कमीशन ऑन डिसेबिलिट एक्सेस (CCDA) से (https://www.dgs.ca.gov/CCDA) पर संपर्क करें।
- कैलिफोर्निया के एक्सेसिबिलिट  कानूनों और मार्गदर्शन के लिए कैलिफोर्निया डिपार्टमेंट ऑफ रिहैबिलिटेशन अर्थात् कैलिफोर्निया पुनर्वास विभाग (DOR) (https://www.dor.ca.gov) से संपर्क करें।
- कैलिफोर्निया के एक्सेसिबिलिट  कानूनों के बारे में जानकार , परिपालन के बारे में सलाह या एक्सेसिबिलिटी शर्तों के बारे में स्वयं विश्लेषण के लिए कैलिफोर्निया डिविज़न ऑफ द स्टेट आर्किटेक्ट (DSA) (https://www.dgs.ca.gov/en/DSA) से संपर्क करें।
- स्थानीय कार्यक्रमों के बारे में जानकारी के लिए कैलिफोर्निया फाउंडेशन फॉर इंडिपेंडेंट लिविंग सेंटर्स (CFILC) (https://www.cfilc.org/) से संपर्क करें।
- CASI एक्सेस करने के लिए, सर्टिफाइड एक्सेस स्पेशलिस्ट इंस्ट ट्यूट (CASI) (https://www.casinstitute.org) से संपर्क करें।
- ठेकेदार को लाइसेंस दिलाने के लिए डिपार्टमेंट ऑफ कंज्यूमर अफेयर्स कांट्रेक्टर्स स्टेट लाइसेंस बोर्ड (CSLB) (https://www.cslb.ca.gov) से संपर्क करें।
- इस प्रकाशन (पुस्तिका) में शामिल जानकार  कैलिफोर्निया मानकों पर आधारित है। संघीय मानकों के बारे में जानकारी अमेरिकी न्याय विभाग (DOJ) - सिविल राइट्स डिविजन डिसेबिलिटी राइट्स सेक्शन से (https://www.ada.gov) पर प्राप्त की जा सकती है।
- इस प्रकाशन (पुस्तिका) में द  जानकार  कैलिफोर्निया मानकों पर आधारित है। कैलिफोर्निया बिल्डिंग कोड (2022) एक्सेस करने के लिए http://codes.iccsafe.org/content/CABC2022P1/chapter-11b-accessibility-to-public-buildings-public-accommodations-commercial-buildings-and-public-housing देखें।
- स्थानीय प्रोग्राम और प्रशिक्षणों के लिए पेसिफिक ADA सेंटर (https://www.adapacific.org/) से संपर्क करें।
- इस प्रकाशन (पुस्तिका) में शामिल जानकार  कैलिफोर्निया मानकों पर आधारित है। संघीय मानकों के बारे में जानकारी के लिए अमेरिकी एक्सेस बोर्ड से (https://www.access-board.gov/) पर संपर्क करें।

## क्रेडिट

**CCDA चैकलिस्ट कमेट – एक्सेसिबल पार्किंग कैंपेन ADA संयोजक और व्यापार स्वामी तथा ऑपरेटर्स वर्क ग्रुप**

Drake Dillard — CCDA कमिश्नर (आयुक्त); सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर, पर्किंस एंड विल
Brandon Estes — विश्लेषक, कैलिफोर्निया बिल्डिंग मानक आयोग (BSC)
Shannon M. Mulhall, CASp — सीनियर HR विश्लेषक, फ्रेस्नोशहर, विशेष कार्यक्रम पीठ, प्रमाणित एक्सेस विशेषज्ञ संस्थान (CASI)
Mehdi Shadyab, CASp — स्ट्रक्चरल इंजीनियर, सैन दिएगो शहर
Bill Zellmer, CASp — प्रोग्राम मैनेजर फिजिकल एक्सेस और रेग्युलेटर (नियामक) मामले, सटर हेल्थ
Ike Nnaji, CASp — प्रेजीडेंट डिसेबिलिटी एक्सेस स्पेशलिस्ट

**CCDA चैकलिस्ट कमेट – एक्सेसिबल पार्किंग कैम्पेन कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्र वर्क ग्रुप**

Chris Barkley — वाइस प्रेजीडेंट और डायरेक्टर ऑफ फील्ड ऑपरेशन्स, तिएचेर्ट कंस्ट्रक्शन
Robert Chrisp — मालिक, क्रिस्प कंपनी
Roberto Cortez — प्रेजीडेंट और सीईओ, मोनार्क इंजीनियर्स
Brian Holloway — CCDA कमिश्नर, प्रेजीडेंट, हॉलोवे लैंड डेवेलपमेंट
John James, CASp — बिल्डिंग अधिकारी।
Michael Jamnetski — चीफ डिप्टी रजिस्ट्रार, कांट्रक्टर्स स्टेट लाइसेंस बोर्ड (CSLB)
Craig Perry — मैनेजिंग पार्टनर, प्वाइंट सोर्स कंस्ट्रक्शन मैनेजमेंट
Katherine White — चीफ ऑफ पब्लिक अफेयर्स, CSLB

**CCDA कमीशन मेम्बर्स (आयोग के सदस्य)**

Chris Downey – चेयर
Douglas Wiele – वाइस चेयर
Guy Leemhuis – इमिडिएट पास्ट चेयर
Drake Dillard
Dr. Souraya Sue ElHessen
Brian Holloway
Jacqueline Jackson
Ashley Leon-Vazquez
Scott Lillibridge
Michael Paravagna
Héctor Ramirez

Ida Clair – स्टेट आर्किटेक्ट
Anthony Seferian – डिप्टी अटॉर्नी जनरल
Brian Maienschein – असेम्बली मेम्बर
Janet Nguyen – असेम्बली मेम्बर
Melissa Hurtado – सीनेटर
Brian Jones – सीनेटर
April Marie Dawson-Rawlings – CCDA एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर
Phil McPhaul– CCDA ऑपरेशन्स मैनेजर
Abigail Ridge – CCDA स्टॉफ

**उपभोक्ता मामले विभाग (DCA) कांट्रैक्टर स्टेट लाइसेंस बोर्ड (CSLB)**

**डिपार्टमेंट ऑफ जनरल सर्विसेज (DGS) रीयल एस्टेट सर्विसेज डिविजन (RESD)**

***कृपया नोट करें कि कई मामलों में DGS स्टॉफ ने चित्रों में सुधार किया है।***

CCDA | California Commission on Disability Access

400 R Street, Suite 310
Sacramento, CA 95811
फ़ोन: (916) 319-9974
ई-मेल: CCDA@dgs.ca.gov
ई-फैक्स: (916) 376-4216
वेबसाइट: https://www.dgs.ca.gov/CCDA